समाचार

निगम के विकास कार्यो में लायी जा रही तेजी–महापौर

(महापौर श्री राजकिशोर प्रसाद ने वार्ड क्र. 03 में किया विकास कार्यो का भूमिपूजन)

कोरबा 12 मार्च 2021 –महापौर श्री राजकिशोर प्रसाद ने आज कहा कि निगम द्वारा विकास व निर्माण कार्यो में लगातार तेजी लायी जा रही है तथा निरंतर प्रयास किया जा रहा है कि सभी वार्डो में वहां के नागरिकों की मंशा के अनुरूप विकास कार्य कराए जाएं। उन्होने कहा कि राजस्व मंत्री श्री जयसिंह अग्रवाल के सतत मार्गदर्शन में कोरबा शहर की सड़कों का कायाकल्प किए जाने के साथ–साथ विभिन्न विकास कार्यो का संपादन कराया जा रहा है।

उक्त बातें महापौर श्री राजकिशोर प्रसाद ने आज वार्ड क्र. 03 राताखार में आयोजित भूमिपूजन कार्यक्रम के दौरान कही। नगर पालिक निगम कोरबा द्वारा वार्ड क्र. 03 राताखार गढ्डापारा में आर.सी.सी. नाली, सी.सी.पेविंग कलवर्ट का निर्माण तथा गढ्डापारा बस्ती से नदी तक ह्यूम पाईप लाईन का कार्य 24 लाख 80 हजार रूपये की लागत से कराया जाना हैं, जिसका भूमिपूजन आज महापौर श्री राजकिशोर प्रसाद के द्वारा किया गया। इस अवसर पर सभापति श्री श्यामसुंदर सोनी विशेष रूप से उपस्थित थे। इस अवसर पर महापौर श्री प्रसाद ने अपने उद्बोधन में कहा कि यह सर्वविदित है कि पूर्व महापौर श्रीमती रेणु अग्रवाल के कार्यकाल में व्यापक पैमाने पर विकास कार्य किए गए तथा बरसों से चली आ रही समस्याओं को दूर किया गया। उन्होने कहा कि आज जिस कार्य का भूमिपूजन किया जा रहा है, उसकी स्वीकृति राजस्व मंत्री श्री जयसिंह अग्रवाल के मार्गदर्शन में पूर्व महापौर श्रीमती रेणु अग्रवाल के द्वारा ही दी गई थी। हमारा यह निरंतर प्रयास है कि प्रत्येक वार्ड में वहां के निवासियों की मांग, आवश्यकता एवं उनकी मंशा के अनुसार विकास कार्य कराए जाएं तथा उनकी समस्याओं को दूर किया जाए।

बरसों पुरानी समस्या दूर हुई– इस अवसर पर सभापति श्री श्यामसुंदर सोनी ने कहा कि राताखार गढ़डापारा में नाली कलवर्ट से संबंधित समस्या बहुत पुरानी समस्या है, मुझे खुशी है कि अब यह समस्या दूर होगी, जिसके लिए मैं राजस्व मंत्री श्री जयसिंह अग्रवाल, पूर्व महापौर श्रीमती रेणु अग्रवाल के प्रति आभार व्यक्त करता हूॅ तथा महापौर श्री राजकिशोर प्रसाद को धन्यवाद देता हूॅ कि उन्होने इस निर्माण कार्य का शुभारंभ कराया। उन्होने कहा कि निश्चित रूप से पूर्व महापौर श्रीमती रेणु अग्रवाल के कार्य काल में ऐतिहासिक रूप से विकास कार्य हुए हैं, पुरानी समस्याएं दूर की गई हैं, मुझे प्रसन्नता है कि उनके कार्यकाल के दौरान दी गई विकास को गति आगे भी निरंतर जारी है।

भूमिपूजन कार्यक्रम के दौरान सभापति श्री श्यामसुंदर सोनी के साथ ही मेयर इन काउंसिल सदस्य संतोष राठौर, पार्षद रवि चंदेल, धनसायं साहू, एल्डरमेन एस.मूर्ति, राजकुमार पाण्डेय, प्रदीप साहू, शिव चन्द्रा, मोहन चन्द्रा, कहरा समाज के अध्यक्ष लक्ष्मी कहरा, घांसीराम कहरा, अशोक कुमार कहरा, बहारता प्रसाद कहरा, गेंदलाल कटकवार, श्यामकुमार कहरा, लक्ष्मण कहरा, छतराम कहरा, सुकवाराबाई, नोनीबाई, लक्ष्मीनबाई, प्रेमलता आदि के साथ काफी संख्या में वार्डवासी उपस्थित थे।